दिन– रविवार दिनांक– 21/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – जीएसटी सुधारों से देश में कल से नये युग की शुरूआत हो रही है।

02. प्रधानमंत्री ने देशवासियों से विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेड इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास मित्रों के परिवहन भत्ता और स्टेशनरी भत्ता में बढ़ोतरी की घोषणा की।

04. और, कल से शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो रही है। पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा–अर्चाना की जाएगी।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से देश में अर्थव्यवस्था के एक नये युग की शुरूआत हो रही है। श्री मोदी ने देश के नाम अपने संबोधन में कहा कि कल नवरात्रि के पहले दिन के सूर्योदय के साथ ही देशभर में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो जायेंगे और देश बचत उत्सव मनाएगा।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी सुधारों से देश के हर परिवार की खुशियां बढ़ेंगी। उन्होंने देशवासियों को शुभकामना देते हुए कहा कि कल से कारोबार भी आसान होगा और निवेश आकर्षक हो जायेंगे।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि दो हजार चौदह में देशवासियों ने उन्हें अवसर दिया और हमनें जनहित और राष्ट्रहित में आजाद भारत का सबसे बड़ा कर सुधार जीएसटी लागू किया।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेड इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी राज्य सरकारों को आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी के अभियान से सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य विकसित होगा तो भारत विकसित बनेगा।

———बाइट———

---

जी.एस.टी.की नई दरें आज आधी रात से लागू हो रही हैं। आम लोगों को राहत देने के लिए उपभोक्ता वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर दरों में कमी की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से, जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। उनका यह सपना तीन सितम्बर को साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

---

कॉम्फेड ने सुधा दुध उत्पादों की कीमत में बड़ी कटौती का ऐलान किया है। कल से सुधा मक्खन की कीमत में एक रुपये से पांच रुपये तक की, सुधा पनीर की कीमत में एक रुपये से पांच रुपये तक और सुधा घी की कीमत में पांच रुपये तक की कटौती लागू हो जाएगी। आईआरसीटीसी ने भी एक लीटर रेल नीर की कीमत पंद्रह रुपये से घटाकर चौदह रुपये कर दी है।

---

आगामी विधानसभा चुनाव के पहले मुख्यमंत्री ने आज विकास मित्रों और शिक्षा सेवकों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग तक राज्य सरकार की विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कार्यरत विकास मित्रों को अब टेबलेट गैजेट खरीदने के लिए सरकार एक मुश्त पच्चीस हजार रुपए देगी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुये कहा कि विकास मित्रों का परिवहन भत्ता उन्नीस हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर पच्चीस हजार रूपए प्रतिमाह और स्टेशनरी भत्ता नौ सौ रूपए से बढ़ाकर पंद्रह सौ रूपए किए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे उन्हें क्षेत्र भ्रमण के साथ–साथ दस्तावेजों के संग्रहण में

सुविधा होगी। श्री कुमार ने कहा कि इससे विकास मित्रों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के डाटा संधारण और अन्य कामकाज में सुविधा हो सकेगी।

---

इसके अलावा महादलित, दलित, अल्पसंख्यक और अति पिछड़ा वर्ग के बच्चों तक शिक्षा का लाभ तथा अक्षर आंचल योजना के तहत महिलाओं को साक्षर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे शिक्षा सेवकों को डिजिटल गतिविधियों के संपादन में सहायता के लिए स्मार्ट फोन क्रय के वास्ते दस—दस हजार रूपए की राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

---

न्यायमूर्ति पवन कुमार भीमप्पा बजनथरी ने आज पटना उच्च न्यायालय के छियालीसवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्य सरकार के कई मंत्री और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के राजेन्द्र नगर स्थित डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का उद्घाटन किया। मोईनुलहक स्टेडियम के पास बनाये गयी इस साइंस सिटी में विज्ञान आधारित पांच गैलरी बनाई गयी है। इसके साथ ही फोर—डी थियेटर, ऑडोटोरियम और छात्रों तथा शिक्षकों के लिए डॉरमेट्री की भी सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सहयोगी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

सेवा पर्व अभियान के तहत राजगीर के नव नालंदा महाविहार विश्वविद्यालय में सत्रह सितंबर से दो अक्तूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के डीन सह नोडल अधिकारी प्रोफेसर विजय कुमार कर्ण ने बताया कि चौबीस सितंबर को संस्थान में चित्रकला पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विद्यार्थियों के अलावा कलाकार भी भाग ले सकते हैं।

———बाइट———

---

शारदीय नवरात्र की कल से शुरूआत हो रही है। नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों का नवरात्र उत्सव शुरू हो जाएगा। कल मां के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जायेगी। इधर, कलश स्थापना और पूजन के लिए विभिन्न पूजा पंडालों के साथ ही मंदिरों और घरों में भी तैयारी की जा रही है। पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए बाजार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जिला मुख्यालयों से लेकर कसबाई बाजार तक में नवरात्र को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। इधर, विभिन्न जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण और सुरक्षित पूजा के लिए व्यापक व्यवस्था की है। विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती गयी है। वहीं, नगर निगम और नगर परिषद की टीमें साफ–सफाई के अभियान में जुट गयी है।

---

गया जी का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज संपन्न हो गया। पितृपक्ष के अंतिम दिन श्रद्धालुओं द्वारा पितृदिपावली का आयोजन किया गया। इसके अलावा अक्षयवट वेदी पर सुख शैय्यादान, पिंडदान, पितरों की मुक्ति विदाई के साथ साथ गयावाल पुरोहितों द्वारा यजमानों को सुफल दिया गया। हमारे संवाददाता की रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

17 दिनों तक चले पितृपक्ष मेले के दौरान देश विदेश से तीस लाख से अधिक श्रद्दालुओं ने गयाजी में पिंडदान किया और अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए गया धाम में पिंडदान तथा तर्पण किया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने पूर्वजों की स्मृति में पिंडदान करने पहुंची और उन्होंने प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में भी पूजा अर्चना की। प्रसिद्ध उद्योगपति अनिल अंबानी सहित कई राजनेता और फिल्म अभिनेताओं ने गया जी में इस बार पितृपक्ष मेला महासंगम में पिंडदान किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से कई व्यवस्थाएं की गयी थी। आकाशवाणी समाचार के लिए गया जी से धर्मवीर भारती।

---

कंप्यूटर शिक्षकों द्वारा सेवा समायोजन कर साठ वर्ष किये जाने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में विरोध प्रदर्शन जारी है। बिहार कंप्यूटर शिक्षक वेलफेयर संघ के अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा है कि अगर सेवा समायोजन नहीं किया जाता है तो राज्यपाल को ज्ञापन दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि संघ की मांग का समर्थन सांसद पप्पू यादव ने भी किया है।

---

कैमूर जिले के भभुआ प्रखंड अंतर्गत बेतरी गांव में राजद का किसान महासम्मेलन आयोजित किया गया।

---

बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने एनडीए सरकार पर एक्सप्रेस–वे निर्माण के लिए किसानों को बिना मुआवजा भुगतान किये उनकी लहलहाती फसल को रौंदे जाने का आरोप लगाया है।

---

शेखपुरा में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दो अक्टुबर तक चलने वाले सेवा पखवारा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया है।

---

शेखपुरा की एक स्थानीय अदालत ने बड़ी संख्या में अवैध हथियार रखने के आरोप में शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र के रहिंचा गांव के रहनेवाले छह लोगों को दोषी पाते हुए तीन–तीन साल कारावास की सजा सुनाई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – जीएसटी सुधारों से देश में कल से नये युग की शुरूआत हो रही है।

02. प्रधानमंत्री ने देशवासियों से विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेड इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास मित्रों के परिवहन भत्ता और स्टेशनरी भत्ता में बढ़ोतरी की घोषणा की।

04. और, कल से शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो रही है। पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा–अर्चाना की जाएगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।